




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 173 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 09 अप्रेल 2025 | मूल्य 2 रुपया






## गौवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, निकाला जुलूस

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रिंडा में गौवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य किए जाने की घटना हुई। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। इधर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।**

जानकारी के अनुसार अफजलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रिंडा में एक युवक द्वारा गौवंश के साथ अप्राकृतिक कृत्य किए जाने की खबर से ग्रामीण आक्रोशित होकर अफजलपुर थाने पहुंचे। इधर जानकारी मिलने पर पुलिस भी आरोपी की तलाश में जुट गई। थाना प्रभारी समरथ सिनम के नेतृत्व में पुलिस ने कुछ ही देर में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किए जाने के बाद भी ग्रामीणों का आक्रोश कम नहीं हुआ। उन्होंने पकड़े गए आरोपी का जुलूस निकालने की मांग की। पुलिस ने ग्रामीणों से चर्चा की। जिसके बाद आरोपी का जुलूस निकाला गया। तब जाकर मामला शांत हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारकापुरी गोस्वामी के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## अल्टो कार से 8 पेटी बियर बरामद, चालक गिरफ्तार

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाने की झार्डा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज गर्ग एवं उनकी टीम ने मंगलवार को अल्टो कार से 8 पेटी पॉवर बियर बरामद की है। पुलिस के अनुसार फतेहपुर रोड झार्डा के यहा सूचना पर कार क्रमांक एमपी 20 पीबी 7605 को रोककर तलाशी ली गई थी। बरामद बीयर की कीमत करीब 14 हजार से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी मोंटी उर्फ मयूर पिता नरेन्द्र जाति बांछड़ा निवासी डोडिया मीणा के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

## किराना दुकान पर सामान लेने आए व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत

**पिपलियामंडी, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गांधी चौराहे पर हार्ट अटैक से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बरड़िया (रठाजना, राजस्थान) निवासी रमेश रावत (50) गांधी चौराहे के निकट किराना दुकान पर सामान लेने आए थे, इसी दौरान हार्ट अटैक से किसान की मौत हो गई। चौकी प्रभारी रितेश नागर ने बताया सूचना पर परिजन पहुंचे व शव को ले गए, उन्होंने पीएम नही कराया।





# गर्मी में तप रहे 181 स्कूलों के बच्चे

### * सूरज उगल रहा आग, दोपहर में भट्टी बन रहे कमरे
### * स्कूलों के समय में परिवर्तन, लेकिन राहत फिर भी नहीं

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। इन दिनों सूरज आग उगल रहा है। पंखे और कूलर अभी से ही गर्मी के आगे नतमस्तक हो रहे हैं। इधर जिले के 181 स्कूलों के बच्चे और स्टॉफ गर्मी में तप रहे हैं। इसका कारण है पहली से आठवीं तक के इन स्कूलों में बिजली कनेक्शन ही नहीं है। गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय परिवर्तन कर सुबह 07.30 से 12.30 तक करने के आदेश जरुर जारी कर दिए गए। लेकिन, गर्मी की स्थिति यह है कि सुबह दस बजे ही तेज धूप से लोगों के हाल बेहाल हो रहे हैं।**

जिले के 181 स्कूलों में कक्षा पहली से 8वीं तक के बच्चे गर्मी में बिना लाइट और पंखे के पढना मजबूरी बना हुआ है। इनमें बिजली के कनेक्शन नहीं है। स्कूल सत्र शुरु होने से पहले कम उम्र के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर के बारे में ना तो विभाग के जिम्मेदारों ने सोचा और ना जिला प्रशासन ने। इधर स्कूलों पर बड़ी मात्रा में बिजली कंपनी का कर्ज भी चल रहा है। अब कंपनी अपने रुपए वसूलने की तैयारी में है। बता दे कि जिले में पहली से आठवीं तक के 1411 स्कूल है। इनमें से 181 स्कूलों में बिजली के कनेक्शन नहीं है। जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील मुख्यालय पर भी कई स्कूल ऐसे हैं, जहां पढ़ने वाले विद्यार्थी तो है, लेकिन बिजली नहीं है। ऐसे में आने वाला समय मासूमों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। जो विभाग अच्छी शिक्षा देने के लिए घर-घर जाकर बच्चों के दाखिले करवा रहा है। वह अब तक स्कूलों में कनेक्शन की व्यवस्था नहीं करा पाया है। जबकि, शासन एक फिक्स मद सुधार व विकास कार्यों के लिए देता है। ऐसे में उन रुपए का उपयोग कहां हो रहा है, यह जांच का विषय है।

### बिजली कंपनी का 85 लाख रुपए बकाया...

बिजली कंपनी के करीब 85 लाख रुपए बकाया है। इनमें शिक्षा विभाग के कार्यालयों पर 1 लाख 82 हजार, 159 उच्च माध्यमिक शालाओं पर 27 लाख 89 हजार, 797 प्राथमिक शालाओं पर 39 लाख और 269 शालाओं पर 16 लाख 88 हजार की राशि का भुगतान बकाया है। बिजली कंपनी बिलों के भुगतान को लेकर सख्ती भी कर रही है। कई बार स्कूल शिक्षा विभाग को इस बारे में अवगत कराया गया है। यदि इसी तरह बकाया चलता रहा तो बिजली कंपनी आगामी समय में ज्यादा सख्ती कर सकती है।

### एमपीईबी को लिख चुके है पत्र...

181 स्कूलों में बिजली कनेक्शन करवाकर व्यवस्थाएं करवाने का प्रयास जारी है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार कनेक्शन के लिए डिमांड की राशि कितनी होगी। इसको लेकर एमपीईबी को पत्र लिखा है। कोशिश कर रहे हैं कि जल्द ही नियमानुसार कार्य हो।

## आदेश: अब सुबह की पाली में लगेंगे स्कूल...




गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में जिला शिक्षाधिकारी ने आदेश जारी कर दिया है। जिसमें कहा गया है कि बैठक में निर्णय लेकर शाला संचालन का समय पुन: निर्धारित करते हुऐ इसे प्रात: कालीन पाली में किया जाए। प्रात: 07:30 से 12:30 तक अध्यापन कार्य कराया जाए। यदि दोपहर पाली में शाला संचालन करना आवश्यक हो तो प्रार्थना सभा (असेम्बली) का समय प्रात: 11:00 बजे के पश्चात नहीं रखा जावे।

### यह भी दिए निर्देश...

जिला शिक्षाधिकारी ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि शालाओं में बच्चों एवं स्टाफ हेतु शुद्ध शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की जावे, इसके लिए आवश्यक होने पर मटकों का क्रय किया जावे। शासकीय शालाओं हेतु शासन द्वारा भी इसके लिए पर्याप्त राशि की व्यवस्था की गई है। सभी शालाओं में बच्चों हेतु पंखो की व्यवस्था की जावे एवं पंखे चालू हालत में रखे जावे। पंखो की फिटिंग्स की भी जांच कर ली जावे, इसके कारण होने वाले किसी भी प्रकार के हादसे से बचा जा सके।

### यह व्यवस्था भी करे...

जिला शिक्षाधिकारी ने कहा है कि शालाओं में स्टाफ, बच्चों को गर्मी जनित बीमारियों जैसे लू लगना, डिहाइड्रेशन आदि से बचाव हेतु प्राथमिक चिकित्सा की सामग्री की व्यवस्था भी नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की सहायता से शाला में व्यवस्था रखी जावे, ताकि किसी भी प्रकार की आकस्मिकता की स्थिति में इसका उपयोग किया जा सके।

## प्रदेश में गौशालाओं को अब प्रति गाय 20 की जगह मिलेंगे 40 रुपए रोज

**भोपाल, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में गौशालाओं को प्रति गाय प्रतिदिन दिए जाने वाला सहायता अनुदान 20 रुपए से बढ़कर 40 रुपए करने का निर्णय लिया गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर पशुपालन योजना लागू की जाएगी। इसमें 25 गाय या भैंस रखकर दुग्ध उत्पादन का काम करने वालों को अनुदान दिया जाएगा। अनुसूचित जाति जनजाति के हितग्राहियों को 33 फीसदी और अनारक्षित वर्ग के हितग्राहियों को 25% अनुदान मिलेगा। बैठक में केन बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत सहायक परियोजना को भी मंजूरी दी गई। इससे 60000 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता का विकास होगा



**पीपीपी मोड पर खोले जाएंगे मेडिकल कॉलेज**–बैठक में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोले जाने का फैसला हुआ है। इसके लिए निविदा की शर्तों में संशोधन किया गया है। अब एक रुपए में 25 एकड़ सरकारी भूमि दी जाएगी। शासकीय अस्पताल निजी संस्था को सौंपने के स्थान पर उनसे संबद्ध किया जाएगा।

**मोदी–शाह के दौरों की जानकारी दी**–मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक... **शेष पेज 4 पर**

## मंदसौर-नीमच में आज भी लू का अलर्ट

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में गर्म हवाओं की वजह से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। सोमवार को नर्मदापुरम और रतलाम सबसे गर्म रहे। जबकि, मंगलवार को भी मंदसौर में गर्मी ने खासा कहर बरपाया। यहां भी तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया है। अभी तो अप्रैल का पहला ही सप्ताह खत्म हुआ है। इसी से मई-जून में गर्मी के कहर का अंदाजा लगाया जा सकता है। आज 09 मार्च को भी मंदसौर और नीमच में लू का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक इंदौर, उज्जैन और धार में रातें गर्म रहेंगी। जबकि, श्योपुर, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, गुना, नीमच, मंदसौर और रतलाम में लू का अलर्ट है। 9 और 10 अप्रैल को भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में भी हीट वेव चलने की संभावना है।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से 11 अप्रैल को प्रदेश के कई शहरों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे पहले तेज गर्मी का असर बना रहेगा।

### अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा...

प्रदेश में मार्च से गर्मी के सीजन की शुरुआत हो जाती है। इसी ट्रेंड के अनुसार अगले 03 महीने तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने मई तक 15 से 20 दिन हीट वेव चलने का अनुमान जताया है। अप्रैल-मई में 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है।

### अप्रैल-मई में सबसे ज्यादा गर्मी....

जिस तरह दिसंबर-जनवरी में सर्दी और जुलाई-अगस्त में सबसे ज्यादा बारिश होती है, उसी तरह गर्मी के दो प्रमुख महीने अप्रैल और मई हैं। इस बार मार्च के दूसरे पखवाड़े में पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका था। मार्च महीने के आखिरी में ही टेम्प्रेचर बढ़ने लगता है। लेकिन, इस बार ऐसा मौसम नहीं रहा। आखिरी 03 दिन वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और



साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से पारे में गिरावट हुई। अप्रैल के पहले पखवाड़े में मौसम का असर मिला-जुला रहेगा।



## खेताखेड़ा के समीप दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु, दो घायल

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ थाने के तहत ग्राम खेताखेड़ा के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई, वहीं दो घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बाईक पर पप्पू बंजारा एवं भारमल बंजारा तथा मलखान पिता मोतीलाल चावड़ा 35 वर्ष निवासी तौलाखेड़ी जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से मलखान बंजारा की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।





## लोडिंग में सरियों का परिवहन..!

### हादसे की बनी रहती है आशंका, यातायात पुलिस का नहीं ध्यान

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह से चरमराई हुई है। यूं कहें की पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। लेकिन, इसके बावजूद यातायात पुलिस भारी वाहनों तथा ओव्हर लोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे हादसों का हमेशा ही डर बना रहता है। शहर की सड़को पर इन दिनों लोडिंग वाहन और ट्रैक्टर ट्रालियों में बड़ी संख्या में सरिया लादकर ले जाया जा रहा है। सरिया लंबा होने के कारण कई फीट तक ट्राली से बाहर लटकता रहता है। ऐसे वाहनों के पीछे चलने वाले वाहनों के साथ हमेशा ही खतरे का डर बना रहता है। चूकिं ट्रेक्टर ट्राली से कई फीट बाहर निकला सरिया कभी भी बड़े हादसे को अंजाम दे सकता है। लेकिन, फिर भी पुलिस ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रही।**

मंगलवार को भी बड़े अस्पताल के सामने एक लोडिंग वाहन से पाईप नीचे आ गिरे। यहां भी एक हादसा हो सकता था। बता दें कि ट्रेक्टर ट्रालियों का पंजीयन खेती कार्य के लिए होता है। मगर, बड़ी संख्या में ट्रेक्टर मालिक इनका व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं।

### 15 फीट बाहर लटकता हैं सरिया...

शहर के मुख्य मार्गो पर सीमेंट तथा लोहे की दुकानें है, इन दुकानों के बाहर दिनभर ट्रैक्टर-ट्राली व हाथ ठेले खड़े रहते हैं। जिनसे सरियों का परिवहन कराया जाता है। लोडिंग वाहन या ट्रैक्टर ट्रॉली पर सरिया पूरी तरह नहीं आता है और वाहनों में पीछे की ओर भी लगभग 15 फीट तक बाहर निकला होता है। सड़को से गुजरते समय हाथ ठेला पर लदे सरिया ट्रैफिक को तो प्रभावित करते ही है, साथ ही हादसों को भी आमंत्रण देते हैं।

## फिर से शुरु हुई सोलर पंप योजना, बिना बिजली खेतों की सिंचाई होगी

### दो सौ आवेदको को मिलेंगे पंप

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सिंचाई के लिए प्रारम्भ की गई सोलर पंप योजना चार साल से बंद पड़ी थी। अब किसानो को राहत देते हुए इसे फिर से शुरु किया गया है। मंदसौर की बात करें तो सोलर पंप के लिए दो सौ आवेदन पेडिंग पड़े थे। अब सभी को सोलर पंप दिए जाएंगे।

सोलर पंप योजना में शासन ने 04 साल बाद बजट रखा है। अब पेंडिंग आवेदन वाले किसानों को सोलर पंप की स्वीकृति दी जाने लगी है। अधिकारियों के अनुसार अभी 10 एचपी वाले आवेदकों को लाभ दिया जाएगा। इसके बाद 7.5, 5 एवं 3 एचपी के किसानों को भी लाभ मिलेगा। पेंडिंग आवेदनों का निराकरण होने के बाद नए आवेदन के लिए एक से डेढ माह में पोर्टल शुरु करेंगे। किसानों पर बिजली बिल का भार कम करने एवं छोटे किसानों को बिजली कनेक्शन से राहत दिलाने के लिए शासन ने सोलर योजना शुरु की थी। इसके तहत किसानों को खेतों में पानी देने के लिए 3 से 10 एचपी तक के सोलर पंप 5 से 10 फीसदी दर जमा कराने पर दिए जाते थे। लेकिन, 04 साल पहले कोविड के दौरान योजना बंद कर दी थी और शासन द्वारा बजट नहीं दिया जा रहा था। इस कारण 04 साल से नीमच, मंदसौर व रतलाम के 600 किसानों के आवेदन पेंडिंग थे, जिन्हें पूर्व में स्वीकृति मिल चुकी है। अब मप्र शासन ने कुसुम योजना के लिए बजट रखकर इसे फिर से शुरु किया है।



नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रथम चरण में 10 एचपी के पेंडिंग आवेदनों पर किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराएंगे। इसके बाद 7. 5 एचपी, फिर 5 एवं 3 एचपी के सोलर पंप दिए जाएंगे। पेंडिंग आवेदन खत्म होने के बाद नए आवेदन के लिए जल्द पोर्टल शुरु होने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार नीमच के 200, मंदसौर के 200 एवं रतलाम जिले के 200 किसानों के आवेदन पेंडिंग है। जिनका सत्यापन किया जा चुका है। अभी शासन से 10 एचपी के सोलर पंप के लिए स्वीकृति आई है।

### नहीं होना चाहिए बिजली कनेक्शन...

अधिकारियों ने बताया कि नए सोलर पंप के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें पोर्टल पर कुएं व नलकूप के लिए अलग-अलग एचपी के सोलर पंप की दरें और कंपनियां उपलब्ध हैं। इसके लिए 5 से 10 फीसदी राशि किसान को देना होती है, बाकी राशि का भुगतान सरकार करती है। किसान के पास जमीन एवं खसरा नंबर होना चाहिए, लेकिन बिजली कनेक्शन नहीं होना चाहिए। ऐसे इच्छुक किसान आवेदन कर सकेंगे।



## रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर हुआ टीम शिवाजीराजे रक्तमित्र का स्वागत

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर नगर की टीम शिवाजीराजे रक्तमित्र के जो फाउंडर है। सोनू जसवानी लक्की राव मराठा साथी नवनीत कहार जो कि टीम शिवाजीराजे रक्तमित्र के फाउंडर है और रक्तदान के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे है। उनके द्वारा किये गये कार्यो की सराहना करते हुए विगत दिनों उनका सम्मान इटारसी में अंतरास्ट्रीय सम्मान समारोह में हुआ।

लक्की राव मराठा सोनू जसवानी रक्त दान को लेकर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास लम्बे समय से कर रहे है। उनकी उपलब्धियों पर विगत दिनों नर्मदापुरम की पावन भूमि इटारसी मे आयोजित समर्पण इटारसी कार्यक्रम में सेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्टकार्य करने के लिए कार्यक्रम के आयोजन कर्ताओं ने आपको मोमेंटो, सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सोनू जसवानी लक्की मराठा ने कहा कि यह सम्मान सभी समर्पित रक्तवीरो और रक्तदान के क्षेत्र में लगातार निस्वार्थ रूप से कार्य करने वाले मेरे साथीगणों को समर्पित हैं, जिनके प्रयास से आज हमारी संस्था टिम शिवाजी राजे रक्त मित्र मंदसौर इस योग्य बनी है।

# अभा कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि करेंगे काव्य पाठ

**प्रसिद्ध कवि गोविन्द राठी शुजालपुर को दिया जाएगा पं. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान**

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय पुराना बस स्टेण्ड स्थित प्रसिद्ध व चमत्कारी श्री बड़े बालाजी मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जिसके तहत दिनांक 10 अप्रैल से 26 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अंतिम दिवस 26 अप्रैल को विशाल अ.भा. कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें देशभर से ख्यातनाम कवि सम्मिलित होकर काव्य पाठ करेंगे। इस दिन स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान प्रसिद्ध कवि गोविन्द राठी शुजालपुर को दिया जाएगा।

उक्त आयोजन की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 26 अप्रैल को मंदिर परिसर में आयोजित अ.भा. कवि सम्मेलन का संचालन हास्य कवि गोविंद राठी शुजालपुर करेंगे साथ ही हास्य रस कवि दिनेश देशी घी शाजापुर, हास्य रस कवि चेतन चर्चित दिल्ली, गीतकार कैलाश मण्डेला शाहपुरा, हास्य रस कवि कुलदीप रंगीला देवास, वीर रस कवि नरेन्द्र अटल महेश्वर, श्रृंगार रस कवयित्री सोनल जैन सूरत, वीर रस कवयित्री श्रद्धा शौर्य नागपुर व हास्य रस कवि मुन्ना बेट्री मंदसौर अपनी कविताओं की प्रस्तुति देंगे। इस दौरान स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान प्रसिद्ध कवि गोविन्द राठी शुजालपुर को प्रदान किया जाएगा। इसके पूर्व दिनांक 10 अप्रैल गुरुवार प्रात: 11 बजे से भव्य सुन्दरकाण्ड (हरिभक्त मंडल उज्जैन) द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड की प्रस्तुति होगी और दिनांक 12 अप्रैल शनिवार को सायं 7.30 बजे विशाल शाही महाआरती होगी। महाआरती के दौरान मंदसौर के 151 ढोल, कोटा बुंदी की शहनाई, अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की पुष्पवर्षा व आतिशबाजी, तोप व नगाड़े और भव्य रंगारंगा आतिशबाजी और जानेमाने ख्यातनाम 501 कलाकारों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ 251 दीपक से भगवान बालाजी महाराज की भव्य महाआरती होगी व प्रसाद वितरण होगा। दिनांक 20 अप्रैल, रविवार प्रात: 11 बजे से विशाल शाही महाभण्डारा मंदिर प्रांगण में होगा जो शाम 4 बजे तक चलेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, प्रवक्ता रवि ग्वाला समिति के सदस्यगण विनय दुबेला, नरेश चंदवानी, दिनेश जोशी (ऊँ शांति), अनिल कियावत, चौथमल शर्मा, सज्जनलाल खमेसरा, नारायण पालीवाल, अनिल सुराह, महेन्द्रसिंह सिसोदिया, शिवशंकर सोलंकी, कपिल सोलंकी, राजाराम तंवर, जीवनलाल गोसर, वरदीचंद कुमावत, मुन्ना बैटरी, विनोद रूनवाल आदि ने सभी मंदसौर नगर के सभी भक्तों एवं काव्य प्रेमियों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



## भाकिसं जिला इकाई मंदसौर जिले की टोली इंदौर भूमिपूजन कार्यक्रम में जाएगी

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय किसान संघ जिला इकाई मन्दसौर जिले की टोली मालवा प्रांत के कार्यालय के भूमिपूजन में भाग लेने के लिए इंदौर जाएगी। भूमिपूजन श्री स्वामी महामण्डलेश्ववर उत्तम स्वामी जी के शुभ हाथों से होगा भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत होगा भूमिपुजन 10 अप्रैल को इंदौर में होने वाले कार्यालय के भूमिपूजन में जिले /तहसील से लगभग 20 दायित्ववान पदाधिकारी जाएंगे।

जिला इकाई मन्दसौर प्रचार प्रसार प्रमुख मुकेश चौधरी जाट ने बताया कि जिला अध्यक्ष प्रीतिपालसिंह देवड़ा मंत्री मोहन लाल लोहार राधेश्याम भाटी गोवर्धन सिंह सोनगरा मदन सिंह सिसोदिया सीतामऊतहसील अध्यक्ष बालेश्वर पाटीदार मंत्री मुकेश प्रजापत रमेश जाट मालवा प्रांत में भूमिपुजन में भाग लेंगे। भारतीय किसान संघ जिला इकाई मन्दसौर जिले की बैठक में जिले की नवीन कार्यकारिणी गठित हुई सर्व प्रथम ध्वज लगाकर कृषक देव भगवान बलराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिप प्रज्वलित कर मालवा प्रांत संगठन मंत्री श्री अतुल माहेश्वरी प्रान्त महामंत्री रमेश डागी प्रान्त सदस्य निर्वाचन अधिकारी रघुनंदन पाटीदार, प्रान्त सदस्य श्री भंवर सिंह पंवार के द्वारा नवीन कार्यकारिणी गठित हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष प्रीतीपाल सिंह देवड़ा, मंत्री मोहन लाल लोहार को साफा पहनाकर कर दायित्व के लिए मनोनीत किया गया। मालवा प्रांत संगठन मंत्री श्री अतुल माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में बताया कि किसान अपना कर्तव्य निभाना जानते लेकिन अपने अधिकार नहीं जानते हैं भारतीय किसान संघ किसान हित को लेकर रचनात्मक कार्य करता रहता है जिसके परिणामस्वरूप सकारात्मक मिल रहें हैं सरकार को भी चाहिए किसान हित में योजना बनाएं और लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य किसान को उपज के मिले उन्होंने बताया कि कोराना काल में देश संकट से जूझ रहा था जब भी किसानों ने हिम्मत दिखाई और जो सब्जी फ़ल आदि कम-से-कम 10 रूपए में बिक था वह मात्र 1 रूपए मूल्य में देकर जरूरत को पूरा करने में सहयोग किया। कोराना काल में कुछ स्वार्थी ने जो वस्तु एक रुपए में मिलती थी उसको 10 रूपए में बेचने का काम किया लेकिन किसानों ने अपनी कड़ी मेहनत से कमाई को देकर राष्ट्रहित में कार्य किए।

# धानमण्डी में ट्राफिक व्यवस्था सुधारी जाये, पार्किंग स्थल बनाया जाये

**फुटकर किराना व्यापारी संघ ने नपाध्यक्ष, एसपी एवं सीएमओ को ज्ञापन देकर की मांग**

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** फुटकर किराना व्यापारी संघ, मंदसौर के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह को ज्ञापन देकर जनकूपुरा स्थित धानमण्डी क्षेत्र में ट्राफीक व्यवस्था सुधारने एवं पार्किंग सुविधा प्रदान करने की मांग की।

दिये ये ज्ञापन में कहा कि फुटकर किराना व्यापारी संघ द्वारा जनकूपुरा स्थित धानमण्डी में ट्रॉफिक एवं पार्किंग संबंधी समस्याओं की ओर आपका ध्यानाकर्षण करवाया जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से कहा कि शहर के मध्य स्थित व्यापारिक क्षेत्र धानमण्डी स्थित है। यहां अधिकांशत: किराना व्यवसायी अपना व्यापार करते है। जिससे मंदसौर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ग्राहकों की आवाजाही इस क्षेत्र में रहती है। यहां पर आये दिन पार्किंग की सुव्यवस्थित व्यवस्था नहीं होने से प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित होती है तथा कई बार यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। तथा आने वाले ग्राहक सड़कों पर वाहन खडे करते है और यातायात समस्या उत्पन्न होती है। यहां पर पूर्व में लक्कड़पीठा में नगरपालिका एवं प्रशासन द्वारा पार्किंग की व्यवस्था रखी गई थी लेकिन वहां पर पार्किंग व्यवस्था हेतु शुल्क लिया जा रहा था। साथ ही तय शुल्क से भी अधिक राशि पार्किंग व्यवस्था में लगे कर्मचारियों द्वारा लिया जा रहा था। जिससे वह पार्किंग व्यवस्था चल नहीं पाई। अत: पार्किंग व्यवस्था को नि:शुल्क करते हुए पुन: लक्कड़पीठा में पार्किंग व्यवस्था शुरू की जाए जिससे व्यापारी एवं ग्राहक यहां अपने वाहन खड़े कर सके और यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं हो। धानमण्डी क्षेत्र में कई लोगों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है जिससे भी रोड सकरा हो जाता है इसलिये भी यातायात बाधित होता है अत: अतिक्रमण हटाया जाए। धानमण्डी क्षेत्र में नॉनवेज की दुकाने भी संचालित हो रही है। जिससे भी क्षेत्र में बदबू आती है। अत: इन्हें भी यहां से अन्यत्र स्थानांतरित करवाया जाए। इस अवसर पर फुटकर किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष अशोक कुमार कामरिया, महासचिव राजेश चाहुआ, सचिव देवेन्द्र गर्ग, वासुदेव कोठारी, अनिल मालू उपस्थित थे।

## धनगर राष्ट्रीय गायरी युवा महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गुराडिया देदा तहसील मंदसौर के युवा श्री विनोद जी धनगर पिता शोभाराम जी धनगर को गायरी समाज के प्रति निंरतर सक्रियता और कुशल व्यौवहार के चलते राष्ट्रीय गायरी युवा महासभा द्वारा मध्येप्रदेश का युवा प्रदेश अध्यरक्ष नियुक्तष किया गया इस मौके पर श्री विनोद धनगर ने समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखनसिंह जी लोहागढ , सभी वरिष्ठजनो व समाज के बंधुओं का बहुत बहुत धन्यवाद आभार व्यअक्तख किया तथा समाज के प्रति निंरतर कार्य करते रहने समाज की एकता बनाए रखने का व सभी के साथ मिलजुल कर कार्य करने के लिए आश्वपत किया।



## शिक्षण संस्थाओं के समीप तंबाकू, एवं धूम्रपान सामग्री विक्रय पर कार्यवाही करें-चंद्रा




**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जनजागरूकता अभियान चलाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, उप संचालक सामाजिक न्याय, श्रीमती किरण आंजना, नशामुक्ति केंद्र के श्री सुनील तिवारी एवं जनपद सीईओ तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए व्यापक तौर पर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होने कॉलेजों और स्कूलों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता के लिए संवाद, चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करने तथा अन्य जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित कर, अधिकाधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए, कि वे विद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं के समीप तंबाकू, गुटखा व अन्य धुम्रपान सामग्री विक्रय करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर चालानी कार्यवाही करें।

## साधारण सभा की बैठक 29 को

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक 29 अप्रैल 2025 दोपहर 01.00 जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी।

# मप्र फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जिला बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश फार्मासिस्ट एसोसिएशन (MPPA) की जिला इकाई के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष मिथुन वप्ता ने फार्मासिस्ट साथियों को आमंत्रित कर एक बैठक आहूत की। बैठक में अनेक बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मिथुन वप्ता ने बताया कि फार्मासिस्ट का योगदान अपने कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण तो है ही, साथ में जिम्मेदारी वाला भी है और हमे अपना ये काम समाज के बीच में बहुत ही जिम्मेदारी से करना होगा।फार्मासिस्ट की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु मध्यप्रदेश फार्मासिस्ट एसोसिएशन सदैव तत्पर और प्रयासरत है।मंदसौर जिले में कार्य को और अधिक गति देनी होगी।बैठक में चर्चारत सभी सदस्यों ने अपने अपने सुझाव रखे।सर्वप्रथम जिले की ओर तहसील स्तर की समिति का गठन इसी माह से प्रारंभ करने पर सहमति हुई।फार्मासिस्ट की सुविधाएं हेतु हेल्प डेस्क हेल्प लाइन नंबर दिए जाएं जिससे किसी भी फार्मासिस्ट साथी को कुछ जानना हो तो वह अधिकार से पूछ सके ।संगठन को सुचारू रूप से चलाने हेतु वार्षिक सदस्यता अभियान भी प्रारंभ करने पर सहमति हुई। कई फार्मासिस्ट को रजिस्ट्रेशन में आ रही दिक्कतों को लेकर भोपाल स्टेट फार्मेसी काउंसिल के लंबित कार्य निवारण हेतु भोपाल जा कर रजिस्ट्रार से मुलाकात करने पर भी विचार हुआ।इसको लेकर जिले भर के फार्मासिस्ट द्वारा जल्द एक ज्ञापन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री देवडा जी को देने पर सहमति हुई।वर्ष भर के चार प्रमुख आयोजन के साथ सदस्य संख्या को बढ़ाया जाएगा।उक्त बैठक में फार्मासिस्ट सरकारी अस्पताल में पदस्थ,शिक्षा के क्षेत्र में,मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव,मेडिकल स्टोर संचालक आदि इस बैठक में उत्साह से सम्मिलित हुवे और अपनी बात रखी।इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ नरेंद्र कुमार त्रिवेदी,जितेंद्र पांडे, हनीफ खान,हिमशिखा नंदवानी, राजेश सोनी, रंजीत बसवा, चंद्रशेखर शर्मा, लोकेश जैन,मनोहर आर्य,विनय मुजावदिया,राजपालसिंह, कपिलराज सोनी आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने किया और आभार जितेंद्र पांडे ने माना।उक्त जानकारी एसोसिएशन के सदस्य चंद्रशेखर शर्मा ने दी

## मंदसौर विधानसभा के 140 गांवों में वरदान बनेगी दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना

**केबिनेट की मंजूरी मिलने पर पूर्व विधायक सिसोदिया ने मुख्यमंत्री का माना आभार**

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मप्र शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई केबिनेट की बैठक में मंगलवार को मल्हारगढ दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के अंतर्गत 2932 करोड की राशि को मंजूरी प्रदान की गई इस महत्वाकांक्षी योजना से मल्हारगढ तथा मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के 60 हज़ार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी, मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 140 गांव इस योजना से लाभान्वित होंगे जिससे यह योजना मंदसौर विधानसभा में सिंचाई के लिए वरदान साबित होगी। मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव को लाभांवित करने वाली इस महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी मिलने पर पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश के वित्त मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि काली सिंध पार्वती चंबल लिंक परियोजना नदियों से नदियों को जोड़ने के अंतर्गत राजस्थान के जयपुर में हुए एक महत्वपूर्ण समझौते के अंतर्गत इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। इस योजना से मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के खेतों तक पानी पहुंचेगा जिससे पूरा क्षेत्र समृद्ध और विकसीत होगा।



## पँछी बचाओ अभियान थीम पर नि:शुल्क सकोरे वितरण

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** ऑक्स कारमेटोलॉजी इंस्टीट्यूट द्वारा ग्राम पंचायत चांगली, जिला मंदसौर में नि:शुल्क सौंदर्य एवं त्वचा देखभाल शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भीषण गर्मी के मद्देनजर पक्षियों के लिए सकोरा वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। गर्मी की शुरुआत होते ही पक्षियों को पानी और दाने की कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे हर साल कई पक्षियों की मृत्यु हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए शिविर में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे अपने घरों के आसपास पक्षियों के लिए पानी और दाने की उचित व्यवस्था करें। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चांगली के सरपंच गंगेश परमार, उप सरपंच देवेंद्र राव, चैनसिंह गौड, अमरसिंह गौड, बंसीलाल अहिरवार, सहित ऑ:स कारमेटोलॉजी इंस्टीट्यूट की संचालक शीतल चौहान भी उपस्थित रहीं। उन्होंने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में पक्षियों की भूमिका के बारे में जागरूक किया। संस्था के संस्थापक राकेश भाटी ने कहा कि यह पहल न केवल पक्षियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है।

## स्व.पंचोली को नम आंखों से मुक्तिधाम पर दी श्रद्धांजलि

**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गुर्जर गोड ब्राह्मण समाज के वरिष्ठव पार्षद प्रितम पंचोली के पिताजी श्री जगदीश पंचोली का मंगलवार दोपहर हृदय गति रुकने से दुखद निधन हो गया । श्री पंचोली के निधन की खबर सुन कर जनता कॉलोनी क्षेत्र व गुर्जर गोड ब्राह्मण समाज में शोक छा गया । जनता कॉलोनी स्थित अपनी आटा चक्की पर नित्य कार्य करते हुए सभी लोगों से उनका जीवित संपर्क हमेशा बना रहा । श्री पंचोली को मुक्तिधाम पर उनके बड़े बेटे पवन पंचोली व प्रीतम पंचोली ने मुखाग्नि दी। मंगलवार शाम को जनता कॉलोनी स्थित उनके निज निवास से निकली शवयात्रा में प्रमुख रूप से विधायक विपिन जैन, प्रदेश कांग्रेस सचिव महेंद्र सिंह गुर्जर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा, राजनारायण लाड़, शिक्षाविद रमेशचंद्र चन्द्रे, भाजपा नेता मुकेश काला,राजेश गुर्जर, राजेंद्र सेठिया,अनूप जोशी, नितेश सतीदासानी, रमेश बिजवानी ,संजय नाहर, संदीप सलोद, सम्यक जैन,गोपाल सिंह गुर्जर, सुदीप पाटिल, विश्वास दुबे,कपिल शर्मा, पत्रकार गोपाल मंगोलिया ,प्रमोद बावलकर,, राजेश पाठक,कमलेश सोनी, नरेंद्र आचार्य,राजेश मंडवारिया, गुजर गोड ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, सुरेंद्र त्रिवेदी, पूर्व पार्षद बाबा पंचोली मनोहर शर्मा, प्रदीप जोशी,बृजेश बिरथरे,कृष्णकांत शर्मा,महेश पुरुस्वानी, प्रवीण शर्मा, ओमप्रकाश दुबे, नवीन शर्मा आदि शामिल हुए सभी ने हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।



## लू-तापघात से बचाव की सलाह

**नीमच, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** देखने में आ रहा है, कि मौसम परीवर्तन के साथ-साथ तापमान में अत्याधिक वृद्धि के कारण लू तथा तापघात के प्रकरणों में वृद्धि दर्ज होने की संभावना है। मौसम विभाग के पुर्वनुमान अनुसार 15 अप्रैल 2025 के बाद से जिले तथा प्रदेश के अन्य जिलो में तापमान 40 डिग्री दर्ज होने की संभावना है। साथ ही गर्म हवाओं का प्रकोप होने की संभावना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने जिले के नागरिको को सलाह दी है, कि उक्त मौसम में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**लू तथा तापघात के लक्षण:-** शरीर का तापमान बढ़ना, त्व चा का सुखना, मुंह तथा गला सुखना, मतली आना, जी घबराना, चक्कर आना, सिर दर्द, मासपेशियों में ऐंठन होना, बेहोशी आना, ह्दय गति का समान्य होना, सांस लेने में तकलिफ होना आदि है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने आमजनो को अवगत कराया है, कि तापमान में वृद्धि होने पर अति आवश्यक स्थितियों में घर से बाहर निकलते वक्त शरीर को सूती कपड़ों के ढककर रखे, खूब पानी पिए या शीतल पेय पदार्थों का सेवन करे, ओ.आर.एस.का उपयोग करे, चाय, कॉफी तम्बाकु, शराब इत्यादि का सेवन न करें। हो सके तो, ताजा तथा घर पर बना खाना ही खाए, बाहर के खाद्य पदार्थों र्का सेवन न करे। लू तापघात के उपरोक्त, लक्षण होने पर घर की चिकित्सा न करे, तत्काल किसी चिकित्सक से संपर्क कर उपचार ले।

## अभियान चलाकर 15 मई तक समग्र ई-केवायसी का कार्य पूर्ण करवाएं-चंद्रा

**नीमच, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ अभियान चलाकर, 15 मई 2025 तक शतप्रतिशत हितग्राहियों के समग्र ई-केवायसी का कार्य पूर्ण करवाए। जिससे, कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का हितलाभ मिलने में कोई असुविधा ना हो। यह निर्देश कलेक्टिर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समग्र ई-केवायसी कार्य की प्रगति की जनपद एवं निकायवार समीक्षा करते हुए सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ को दिए।

# मर्यादा के महानायक है श्रीराम..

**पत्र संपादक के नाम**

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं



**मंदसौर, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भगवान राम को मर्यादा पुरषोत्तम कहा जाता है क्योंकि उन्होने अपने जीवनकाल में कई कष्ट सहते हुवे भी मर्यादित जीवन जीया। वे करुणा, त्याग और समर्पण की मूर्ति माने जाते हे। उन्होने विनम्रता, धैर्य और पराक्रम का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण संसार के सामने प्रस्तुत किया। अधिकांश भारतीय अब भी अपने प्रिय का अभिवादन राम राम कहकर करते हे ऐसा न भी कर सके तो उसकी विदाई राम राम सत्य हे कहकर करते ही हे। श्रीराम प्रत्येक भारतीय के आदर्श हे। गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम को ईश्वरीय गुणो से युक्त लोकनायक के रूप में प्रस्तुत किया। तुलसीदास जी के इस प्रयास को भारतीय जनमानस ने सराहा, स्वीकृति तथा समर्थन प्रदान किया और रामायण घर घर में रच बस गई एक महान व सांस्कृतिक धरोहर के रूप में। दुनिया की सारी अच्छाई, सारा यश, सारी कीर्ति, सारा त्याग भी मिला लिया जाए तब भी एक राम नही बनाए जा सकते। श्रीराम चाहते तो वनवास के कष्टे को तिलांजलि दे जनमत का सहारा ले अयोध्या पर राज्य कर सकते थे। किंतु उन्होने ऐसा कुछ नही किया यदि वे ऐसा करते तो न वनवास होता, न सीतामाता का हरण होता। श्रीराम ने स्वयं इन कष्टे को गले लगाया। पिता के वचन का पालन, साधुजनो व समाज की रक्षा, दुष्टे के संहार का व्रत लिया। जो समाज सेवा का व्रत लेते हे उन्हे परिवार के हितो का बलिदान करना ही पड़ता हे। श्रीराम ने लोक कल्याण के महायज्ञ में अपना सम्पूर्ण जीवन होम कर दिया। सुग्रीव को गले लगाने वाले श्रीराम, केवट, निषादराज, शबरी, जटायु को आदर देने वाले ऐसे थे श्रीराम। श्रीराम न जातिवादी थे न वर्णवादी वे तो सदा निर्बल के समर्थक और आतातायी के लिए साक्षात काल थे। उन्होने व्यक्ति के आचरण को देखा उसका वर्ण और जाति नही देखी। ब्राह्मण होते हुवे रावण का वध किया। सत्कर्म में रत रावण के भ्राता विभीषण को लंका का राज्य व मित्र का सम्मान दिया। श्रीराम के काल में वर्ण व्यवस्था का वह रूप नही था जो वर्तमान में हे। श्रीराम ने दूसरा विवाह नही किया जैसा त्यागमय जीवन वाल्मीकि जी के आश्रम में सीता माता ने व्यतीत किया वैसा ही जीवन श्रीराम ने अयोध्या में जिया। सो राजसु यज्ञ किए परंतु उसमे पत्नी के स्थान पर सीतामाता की प्रतिमा रही। आधुनिक संदर्भ में यदि सोचे तो भारत मां की सेवा का व्रत लेने वाले रण बांकुरे क्या अपनी मां, पत्नी, संतान या पिता के साथ न्याय कर पाए ? यदि सीतामाता के परित्याग के कारण श्रीराम अन्यायी है तो में कहता हूं सीमा पर शहीद होने वाला प्रत्येक सैनिक जो अपने पीछे एक बिलखती जवान विधवा, दुधमुंही अबोध संताने, निराश्रय शोक संतप्त माता पिता को छोड़ जाता हे वह भी अन्यायी हुवा। सीतामाता के परित्याग को व्यापक परिपेक्ष्य में देखे तो श्रीराम के इस महान त्याग का आकलन कर पाएंगे अपनी संकीर्ण सामाजिक बुद्धि से तो कदापि नही। श्रीराम मर्यादा के महानायक थे उनके व्यक्तित्व व आचरण से जितनी प्रेरणा ली जाए कम ही हे। राम अर्थात सबको सुख देने वाले यथानाम तथा गुण थे जैसे हरी अनंत हरि कथा अनंता। श्रीराम के जन्मोत्सव राम नवमी की आप सभी को आत्मीय शुभकामनाएं...।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

# सीईओ एवं अपर कलेक्टर ने की जनसुनवाई



**नीमच, 08 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव एवं अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 91 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राजेश शाह, डॉ.ममता खेड़े, एसडीएम संजीव शाहू, सभी डिप्टी कलेक्टर्स एवं अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में कनावटी की कमलाबाई, कराड़िया महाराज के चेनराम, पावागोई छोटी जिला झाबुआ के मुकेश, सिंघाडा उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित बैसला के गोपाल, नई आबादी झांतला के माधुलाल, मनासा के सुनील राव, पड़दा की राजकुमारी, सोनियाना के किशोर, सावन के श्यालमलाल, रतनगढ़ की रेखा दास, अठाना के प्रेमचंद, सेमली चंद्रावत के राजेन्द्र सिह, स्टेशन रोड नीमच के शंकरलाल, खेड़ी के भगतराम ने अपना आवेदन प्रस्तुनत कर, अपनी समस्याएं सुनाई। इसी तरह राजस्व कॉलोनी के शोभागमल, पावड़ा कलां के चांदमल, गिरदौड़ा के किशनलाल, दाता के ईश्ववरलाल, मनासा के तुलसीदास बैरागी, तुरकिया के श्यामलाल, उपरेड़ा के प्रकाशचंद्र, कुमारिया विरान राज पैलेस होटल के सामने नीमच की सुगनाबाई, गिरदौड़ा की सरोजबाई, रायसिहंपुरा के श्यारमलाल, कचौली की रानी, हरनावदा के मोहनसिह, कुमारिया विरान नीमच के दीपक सिह राठौर, अम्बेडकर कॉलोनी नीमच के रूकसार सादिक, घोटा पिपलिया के बगदीराम ने भी अपनी समस्याहओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुरत कर, अपनी समस्याएं सुनाई। इस पर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 0000 | 0000 | 0000 |
| उड़द | 10 | 5000 | 6300 |
| सोयाबीन | 4079 | 4001 | 4350 |
| गैहु | 13000 | 2400 | 2900 |
| चना | 640 | 5400 | 5861 |
| मसुर | 180 | 5701 | 6158 |
| धनिया | 263 | 5103 | 8199 |
| लहसुन | 18000 | 1951 | 10501 |
| मैथी | 1706 | 4121 | 5890 |
| मुंगफली | 942 | 4010 | 5051 |
| अलसी | 2067 | 6300 | 6600 |
| सरसो | 430 | 5420 | 6011 |
| तारामीरा | 9 | 5529 | 5529 |
| इसबगोल | 172 | 10240 | 13121 |
| प्याज | 2764 | 200 | 1200 |
| कलोंजी | 5 | 10701 | 18201 |
| तुलसी बीज | 2 | 10000 | 12700 |
| डॉलर | 104 | 6601 | 9191 |
| तिल्ली | 5 | 8700 | 9012 |
| जौ | 37 | 2060 | 2200 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 132 | 7091 | 7791 |
| चियाबीज | 97 | 8600 | 12900 |

